**शरदकालीन अवकाश गृहकार्य (2025-26)**

**कक्षा- दसवीं विषय- हिन्दी**

**कार्य पत्रिका**

**निर्देश : निम्नलिखित गृहकार्य को व्याकरण पुस्तिका में हल कीजिए। समयावधि को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति एवं स्मरण पूर्ण मनोयोग से कीजिए।लिखित कार्य में वर्तनी की शुद्धता पर ध्यान दीजिए।**

- **संपूर्ण वार्षिक पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति कीजिए।**
- **कार्य पत्रिका एवं अभ्यास पत्र हल कीजिए।**
- **व्याकरण पुस्तक के अपठित काव्यांश हल कीजिए ।**

**1.निम्नलिखित अपठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय और लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**हर संध्या को इसकी छाया सागर-सी लंबी होती है,**
**हर सुबह वही फिर गंगा की चादर-सी लंबी होती है।**
**इसकी छाया में रंग गहरा है देश हरा, परदेश हरा, हर मौसम है संदेश-भरा**
**इसका पद-तल छूने वाला वेदों की गाथा गाता है।**
**गिरिराज हिमालय से भारत का कुछ ऐसा ही नाता है।**
**जैसा यह अटल, अडिग अविचल वैसे ही हैं भारतवासी।**
**है अमर हिमालय धरती पर, तो भारतवासी अविनाशी ।**
**कोई क्या हमको ललकारेहम कभी न हिंसा से हारे**
**दुख देकर हमको क्या मारे**
**गंगा का जल जो भी पी ले, वह दुख में भी मुसकाता है ॥**
**गिरिराज हिमालय से भारत का कुछ ऐसा ही नाता है।**

**(i) 'है देश हरा परदेश हरा' कथन में 'हरा' से तात्पर्य है-**

**(क) हरा रंग (ख) हरे खेत (ग) संपन्नता (घ) खुशहाली**

**(ii) हिमालय को 'गिरिराज' क्यों कहा गया है?**

**(क) सर्वप्रिय होने के कारण (ख) परम पवित्र होने के कारण**

**(ग) सर्वोच्च होने के कारण (घ) दर्शनीय होने के कारण**

**(iii) भारतीय किसी के ललकारने से नहीं डरते, क्योंकि-**

**(क) उन्हें चुनौती स्वीकारने की आदत है (ख) वे ललकारने से नहीं डरते**

**(ग) वे वीर और साहसी होते हैं. (घ) उन्हें हिंसा से नहीं हराया जा सकता**

**(iv) कथन (A) और कारण (R) पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए-**

**कथन (A): यदि कोई हमें युद्ध के लिए ललकारता है, तो ही हम युद्ध करने के लिए तैयार होते हैं।**

**कारण (R) : हम व्यर्थ में रक्तपात (हिंसा) नहीं चाहते हैं।**

**(क) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।**

**(ख) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।**

**(ग) कथन (A) व कारण (R) सही हैं और कथन (A) कारण (R) की सही व्याख्या है।**

**(घ) कथन (A) व कारण (R) सही हैं और कथन (A) कारण (R) की सही व्याख्या नहीं है।**

**(V)काव्यांश में हिमालय की छाया के बारे में क्या बताया गया है?**

**(Vi) कविता में भारतवासियों को कैसा बताया गया है?**

2.निम्नलिखित  अपठित  गद्यांश   पर आधारित बहुविकल्पीय और लघु  प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

इस संसार में आजकल एक ही वस्तु सर्वशक्तिमान हो गई है, वह है- पैसा। दिखने में तो कागज़ पर या किसी धातु के टुकड़े पर कोई चेहरा चिपकाए यह बड़ा निरीह-सा लगता है, परंतु यह है बहुत ताकतवर। उस पर, जिधर यह हो, वहीं हर तरह की शक्ति समा जाती है। हर व्यक्ति इसे पाने के लिए लालायित रहता है। जिनके पास यह होता है, वे इसे दूसरों की नज़रों से छुपाते हैं और जिनके पास नहीं होता, वे इसे पाने के लिए बौराए-से घूमते हैं। सच ही कहा है- "माया, महाठगिनी हम जानी।" पास में हो, तो भी हम परेशान हैं कि भई इसे कहाँ छुपाएँ ताकि लोगों की नज़र न लगे या कोई माँग न ले। पास में न हो, तो मुसीबत ही मुसीबत। हर काम के लिए तो पैसा ही चाहिए। व्यक्ति रात्त की नींद और दिन का चैन, इसको पाने के लिए न्योछावर कर देता है। अगर कहीं से पैसा आ जाए, तो दिल करता है थोड़ा और आ जाए, फिर थोड़ा-सा और की चाह पैदा होती है। धीरे-धीरे यह हमारा स्वामी बन बैठता है। हमसे झूठ बुलवाता है, मक्कारी करवाता है, बेईमानी करवाता है और अंत में अपना गुलाम बनवाकर ही दम लेता है।

(1) आजकल पैसे की स्थिति कैसी है?

(क) महत्वपूर्ण  (ख) आवश्यक  (ग) सर्वशक्तिमान (घ) उपेक्षित

(ii) पैसा देखने में कैसा लगता है?

(क) बहुत ही निरीह (ख) बहुत ही धूर्त (ग) बहुत ही बुद्धिमान (घ) बहुत ही आलसी

(iii) क्या पाने के लिए हर व्यक्ति लालायित रहता है?

(क) पद (ख) प्रतिष्ठा (ग) पैसा (घ) यश

(iv) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A): जिधर यह पैसा हो, वहीं हर तरफ़ की शक्ति समा जाती है।

कारण (R) : आजकल पैसा सर्वशक्तिमान वस्तु हो गया है।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(V) 'पैसा हमसे झूठ बुलवाता है, मक्कारी करवाता है और बेईमानी करवाता है।' उपर्युक्त कथन के पक्ष में निम्नलिखित तर्कों पर विचार कीजिए-

1. धीरे-धीरे पैसा हमारा स्वामी बन बैठता है।

2. पैसा हमें अपना गुलाम बनाकर ही दम लेता है।

3. पैसा हमें बिलकुल अच्छा नहीं लगता है।

(क) 1 सही है।(ख) 2 सही है। (ग) 3 सही है। (घ) 1 और 2 सही हैं।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न-

(1) जिधर पैसा हो, उधर ही क्या समा जाती है?

(ii) पैसे को कौन एवं किससे छुपाते हैं?

(iii) पैसे के लिए कौन बौराए घूमते हैं?

(iv) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(v) अंत में पैसा क्या करके दम लेता है?

लघु उत्तरीय प्रश्न-

(1) आजकल कौन-सी वस्तु सर्वशक्तिमान हो गई है और क्यों?

(ii) पैसा क्या है? जिनके पास पैसा होता है, वे क्या करते हैं?

(iii) पैसे के लिए व्यक्ति क्या न्योछावर कर देता है?

(iv) पैसा हमारा क्या बन बैठता है और हमसे क्या-क्या करवाता है?

(v) 'बेईमानी' शब्द से उपसर्ग, प्रत्यय एवं मूल शब्द को अलग करके लिखिए।

3. निम्नलिखित रेखांकित शब्दों का पद- परिचय कीजिए-

(क) संगीतज्ञ साधारण ध्वनि को मध्य सप्तक कहते हैं।

(ख) ऋग्वेद के पाँचवें मंडल में इसका उल्लेख है।

(ग) हालदार साहब मूर्ति के सामने देर तक सावधान की मुद्रा में खड़े रहे।

(घ) उनकी यह सफलता उनकी विद्या और शिक्षा का ही परिणाम है।

(ङ) वे हमें अनेक जटिल प्रश्नों से टकराने की प्रेरणा देते हैं।

(च) वह भावुक व्यक्ति है।

(छ) द्वार पर कोई भिखारी खड़ा है।

(ज) रमेश यहाँ रहता है।

(झ) वे घर पहुँच चुके हैं।

(ञ) नाव धीरे-धीरे बहने लगी।

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) काशी आज भी संगीत के स्वर पर जागती है और उसी के स्वरों पर सोती है। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ख) द्विवेदी जी ने लेखकों की सुविधा के लिए व्याकरण और वर्तनी के नियम स्थिर किए। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ग) यदि सिद्धार्थ ने भी यही किया होता तो वह गौतम बुद्ध नहीं बन पाते। (रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद का नाम लिखिए)

(घ) यह वही लड़का है, जो कल यहाँ आया था। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए)

(ङ) सुबह की प्रार्थना के ये बोल मैंने एक नेपाली युवक से सीखे थे। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(च)विदुषी कक्षा में बैठकर अपनी सहेली रेखा की प्रतीक्षा करने लगी ।(संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(छ) जैसे ही उसने औषधि ली, उसका रक्तचाप सामान्य हो गया। (वाक्य-भेद बताइए)

(ज) प्रतिस्पर्धा में प्रथम आने वाले छात्र को बुलाओ। (मिश्र वाक्य बनाइए)

(झ) वह गाड़ी चलाने के साथ-साथ मोबाइल पर बात भी करता है। (संयुक्त वाक्य बनाइए)

(ख) शर्मिला नाश्ता करके नानी से मिलने चल दी। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ग) बीमारी के बाद दादी चल भी नहीं पाती। (भाववाच्य में बदलिए)

5. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) माँ रो भी नहीं सकती। (भाववाच्य में बदलिए)

(ख) मंत्री जी ने राहत सामग्री बँटवाई । (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ग) उनके द्वारा कैप्टेन की देशभक्ति का सम्मान किया गया। (कर्तृवाच्य बनाइए)

(घ) चलिए, अब सोया जाय। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ङ) बालगोबिन द्वारा पतोहू को मायके भेज दिया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(च) किस वाच्य में सिर्फ अकर्मक क्रिया का प्रयोग किया जाता है ?

(छ) मुझसे अब दौड़ा नहीं जाता। (वाच्य पहचानकर भेद का नाम लिखिए)

(ज) निराला ने अपनी रचनाओं के माध्यम से परिवर्तन का आह्वान किया है। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(झ) बादल गर्जन-तर्जन के साथ बरस रहे हैं। (वाच्य पहचानकर भेद का नाम लिखिए)

6. निम्नलिखित काव्यांशों में प्रयुक्त अलंकार बताइए :

(क) जीवन में सुरंग सुधियाँ सुहावनी।

(ख) थकी सोई है मेरी मौन व्यथा।

(ग) माखन-सा मन ले गए कन्हैया।

(घ) प्रीति-नदी में पाँव न बोरौ।

(ङ) अंबर पनघट में डुबो रही, तारा घट उषा नागरी।

(च) उदाहरण देकर अतिशयोक्ति अलंकार को स्पष्ट कीजिए।

(छ) पूछे बिन कोऊ काहू सों न करे बात देवता से बैठे सब, साधि-साधि मौन हैं।

(झ) कुछ ऐसे भोर की बयार गुनगुना उठी, अलसाए कुहरे की बाँह सिमटने लगी।

(ञ) हरि मुख मानो मधुर मयंक

7. निम्नलिखित विषयों पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए-

(क) <u>परीक्षा से पहले मेरी मनोदशा</u>

संकेत-बिंदु परीक्षा नाम से भय, पर्याप्त तैयारी, प्रश्न-पत्र देखकर भय दूर हुआ।

(ख) <u>बढ़े बेटियाँ, पढ़े बेटियाँ अथवा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ</u>

संकेत-बिंदु - योजना के उद्देश्य 'बढ़े बेटियाँ' से आशय बेटियों को बढ़ाने के उपाय।

8.आपके क्षेत्र की सड़कें बदहाल अवस्था में हैं जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएँ होती रहती हैं। उसकी जानकारी देते हुए उपयुक्त कार्रवाई हेतु शहरी/ग्रामीण विकास मंत्री को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

9.आपका एक मित्र शिमला में रहता है। आप उसके आमंत्रण पर ग्रीष्मावकाश में वहाँ गए थे और प्राकृतिक सौंदर्य का खूब आनंद उठाया था। घर वापस लौटने पर कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मित्र को पत्र लिखिए। (लगभग 100 शब्दों में)

10.बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड, दिल्ली के सचिव को लिपिक पद हेतु आवेदन करते हुए स्ववृत्त-लेखन कीजिए। (लगभग 80 शब्दों में)

11.अपने क्षेत्र में वृक्षारोपण का सुझाव देते हुए वन विभाग के अधिकारी को ई-मेल लिखिए।

12.बहुत कम कीमत में स्मार्ट फोन बनाने वाली कंपनी के लिए लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

13.आपकी बहन का चयन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एन०डी०ए०) में हो गया है। उनके लिए लगभग 60 शब्दों में बधाई संदेश लिखिए।

14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) 'बालगोबिन भगत' शीर्षक पाठ में किन सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार किया गया है ? अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) 'झूठी शान और दिखावे से अपना व्यक्तित्व ही धूमिल पड़ता है।' इस कथन को 'लखनवी अंदाज़' कहानी के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'आत्मकथ्य' कविता की पंक्ति "यह विडंबना ! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं।" का भाव अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

(घ) "वज्र छिपा नूतन कविता फिर भर दो बादल गरजो 'उत्साह' कविता की इन पंक्तियों में कवि क्या कहना चाहता है? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'अट नहीं रही है' कविता में किसका वर्णन हुआ है और कवि ने उस सौंदर्य के बारे में क्या कहा है ?

(च) 'संगतकार' कविता के आधार पर लिखिए कि मुख्य गायक के साथ संगतकार की भूमिका किन रूपों में होती हैं।

लेखिका को माँ का कौन-सा रूप अच्छा नहीं लगता था? क्यों ?

(छ) लेखिका और उसके भाई-बहिनों की सहानुभूति किसके साथ थी ?

(ज) बालगोबिन भगत अपने सुस्त और बोदे से बेटे के साथ कैसा व्यवहार करते थे और क्यों?

(झ) प्रस्तुत काव्यांश के आधार पर लिखिए कि परशुराम ने अपने विषय में सभा में क्या-क्या कहा।

(ञ) परशुराम के बारे में कौन-सी बात विश्व प्रसिद्ध थी ?